ट्रेंड–सैटर

# शांति रक्षकों का सृजन

द्विमासिक संवाद पत्र, प्रशिक्षण महानिदेशालय, के.रि.पु.बल

अंक– 5 / अक्टुबर–नवम्बर, 2016

*इस अंक में*

खबरें –2
सम्मान एवं पुरस्कार –3
संस्थान एक नजर में –4

**संपादकीय समिति**

**मुख्य संरक्षक**
श्री आर. पी. सिंह, भा.पु.से.
अपर महानिदेषक(प्रशिक्षण),
के.रि.पु.बल

**संरक्षक**
श्री वी0एस0 यादव, भा.पु.से.
महानिरीक्षक (प्रशिक्षण)

**मुख्य सम्पादक**
श्री भूपत सिंह चौहान
निदेषक / महानिरीक्षक
आ.सु.अ. माउन्ट आबू

**संपादक**
डॉ. डी0जे0 सिंह
उप महानिरीक्षक(प्रशिक्षण)आ.सु.अ.

**संपादकीय सलाहकार समिति**

श्री एम.पी.एस. नेगी
निदेशक / महानिरीक्षक
के.रि.पु. अकादमी, गुड़गॉव
श्री पी0आर0 जम्भोलकर
उप महानिरीक्षक (प्रशा0) आ.सु.अ.
श्री राकेशसिंह चौहान
उप महानिरीक्षक, सी.आई.ए.टी, शिवपुरी
श्री अशोक सम्याल
उप महानिरीक्षक, सी.टी.सी, नीमच
श्री महेष कुमार, उप महानिरीक्षक,
नव आरक्षी केन्द्र, श्रीनगर

**परिकल्पना एवं चित्रालेख**
श्री पी0के0 सिंह,
कमाण्डेन्ट, आ.सु.अ.
श्री कुलदीप सिंह
उप कमा0, आ.सु.आ.

**प्रकाशक**
आन्तरिक सुरक्षा अकादमी, केरिपुबल, माउन्ट आबू
ईमेल:dcradisa@crpf.gov.in
फोन / फैक्स 02974235241

## *मुख्य संपादक की कलम से*



यह अत्यंत खुशी की बात है कि इस महान बल की सेवा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से नए अधिकारियों एवं जवानों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया है। प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से, मैं उन सभी को भावी कर्तव्य निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस प्रवृति को निरंतर जारी रखते हुए, हम इस न्यूज लैटर का 5वॉं अंक प्रस्तुत करते है।

जय हिन्द ।

बी.एस.चौहान,
निदेशक / महानिरीक्षक,
आं.सु.अ., माउंट आबू

## आर.टी.सी.आवडी



श्री पी.वी.के.रेड्डी, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक, पूर्वोत्तर जोन परेड का निरीक्षण करते हुए

दिनांक 18 / 11 / 2016 को बैच नं. 421 एवं 422 के कुल 683 रंगरूटों की दीक्षांत परेड समारोह एवं साक्ष्यांकन (पासिंग–आऊट सह एटेसटेशन) का आयोजन किया गया। श्री पी.वी.के.रेड्डी, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक, पूर्वोत्तर जोन, इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।



श्री पी.वी.के.रेड्डी, भा.पु.से.,विशेष महानिदेशक, पूर्वोत्तर जोन, विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ रहे जवानों को ट्रॉफियां प्रदान करते हुए

## *समाचार*

## दीक्षांत परेड समारोह



सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारीगण दीक्षांत परेड के बाद

15 सितम्बर 2016 को के.रि.पु.बल अकादमी गुड़गांव में एक भव्य आयोजन में, के.रि.पु.बल की 05 महिला अधिकारियों सहित 86 अधिकारियों के 47वें बैच ने दीक्षांत परेड पूर्ण की। श्री के. दूर्गा प्रसाद, महानिदेशक, के.रि.पु.बल, इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और उन्होने इस अवसर पर परेड की सलामी ली। श्री संदीप शक्ति पी., सहा.कमां. को सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर एवं आऊटडोर प्रशिक्षार्थी घोषित किया गया, जिसे मुख्य अतिथि ने गृह मंत्रालय का कप एवं 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' भेंट किए।

## आर.टी.सी. नीमच



रंगरूटों के बैच नं. 235 का शपथ ग्रहण समारोह

दिनांक 18 / 10 / 2016 को आर.टी.सी. नीमच में बैच नं. 235 (राजस्थान पुलिस) के 499 रंगरूटों की दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। राजस्थान पुलिस के श्री नंदकिशोर, भा.पु.से.,अपर महानिदेशक(प्रशि.) ने इस परेड की सलामी ली। दिनांक 21 / 10 / 2016 को बैच नं. 238 के 176 सिपाही / ट्रैड्समैन की एक अन्य दीक्षांत परेड समारोह एवं साक्ष्यांकन (पासिंग–आऊट सह एटेसटेशन) का भी आयोजन किया गया। आर.टी.सी. नीमच के श्री डी.एस.राठौड़, प्राचार्य / उप महानिरीक्षक ने इस परेड की सलामी ली।



परेड कमाण्डर, मुख्य अतिथि श्री नंदकिशोर, भा.पु.से.
अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजस्थान पुलिस को सलामी देते हुए

# संस्थाओं/प्रशिक्षण क्षेत्र की गतिविधियाँ

## उद्घाटन



श्री के. दुर्गा प्रसाद, भा.पु.से., महानिदेशक, के.रि.पु.बल 264 अधीनस्थ अधिकारियों की शयनशाला और 251 पारिवारिक आवासों का शिलान्यास करते हुए।

## वास्तविक समय में किए जाने वाले ऑपरेशन के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उभरती प्रवृत्तियां

के.रि.पु.बल के अधिकारियों में कौशल एवं ज्ञान वृद्धि करने के उद्देश्य से इसरो की सहायता से नया कोर्स आरंभ किया गया। यह कोर्स 07 से 12 नवम्बर 2016 तक आयोजित किया गया। इस कोर्स में बल के कमांडरों को ऑपरेशन करने पर आधारित नवीनतम प्रौद्योगिकी विधियों के अनुसार बेहतर योजनाएं बनाने में सहायता मिलेगी। इसके केंद्र बिंदु में सेटेलाइट इमेजरी, घाटी/पर्वतीय क्षेत्र विश्लेषण, जी.आई.एस. एवं भूवन जैसे विभिन्न सॉफ्टवेयर रहे। इस कोर्स का उद्घाटन श्री आर. पी.सिंह, भा.पु.से., अपर महानिदेशक (मुख्यालय) द्वारा किया गया। श्रीमती शेफाली अग्रवाल, वैज्ञानिक'एस एफ', श्री सुशील कुमार, वैज्ञानिक 'एस डी', इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आई.आई.आर.एस.), सुश्री सुजाता घोष, वैज्ञानिक 'एस एफ', एडरिन से डॉ. प्रमोद कुमार, वैज्ञानिक 'एस एफ', श्री विजेन्द्र बसी रेड्डी, वैज्ञानिक 'एस एफ', श्री नितांत दुबे, वैज्ञानिक 'एस सी', डॉ. ऐ.के.बैरा, वैज्ञानिक 'एस जी', एन.आर.एस.सी. /आई.एस.आर.ओ., डॉ. समीर सरन, वैज्ञानिक 'एस एफ', इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आई.आई.आर.एस.) इस कोर्स के अतिथि वक्ता थे और श्री रक्षित टण्डन, साइबर विशेषज्ञ ने भी वास्तविक समय में ऑपरेशन लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उभरती प्रवृतियों विषय पर अपनी कक्षाएं लीं। सुश्री गीता वर्दन, एडरिन की भूतपूर्व निदेशक, हैदराबाद ने समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित किया।





श्री आर.पी.सिंह, भा.पु.से., अपर महानिदेशक (मुख्यालय) के.रि.पु.बल उद्घाटन भाषण देते हुए।

## पुलिस स्मृति दिवस समारोह

भारत में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को, सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन के.रि.पु.बल के 10 शूरवीर जवानों की शहादत की याद में मनाया जाता है। इस दिन वर्ष 1959 में हॉट स्प्रिंग लद्दाख में, चीनी सेना द्वारा लगाए गए एम्बूश में यह जवान शहीद हुए थे। 13 नवम्बर 1959 के दिन भारत चीन सीमा पर इन 10 शूरवीर शहीद जवानों के शव चीन ने वापस लौटाए। 14 नवम्बर 1959 के दिन सुबह 0800 बजे हॉट स्प्रिंग पर के.रि.पु.बल के शहीदों का दाह संस्कार संपूर्ण पुलिस सम्मान के साथ किया गया था।

हॉट स्प्रिंग पर उन शहीद जवानों की स्मृति में एक स्मारक बनाया गया और प्रत्येक वर्ष सभी अर्द्धसैनिक बलों के चुनिंदा जवान हॉट स्प्रिंग पर बनाए गए, शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह स्थान राष्ट्र के पुलिस बलों के लिए तीर्थ स्थान माना जाता है।



हॉट स्प्रिंग, लद्दाख स्थित, शहीद स्मारक



वीरगाथा श्रृंखला में हॉटस्प्रिंग के उपर कॉमिक बुक का विमोचन पुलिस स्मृति दिवस पर महानिदेशक, के.रि.पु.बल द्वारा किया गया



श्री अशोक प्रसाद, उप महानिरीक्षक/प्राचार्य, आर.टी.सी.अमेठी, पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों के सम्मान में, अधिकारियों एवं जवानों के साथ दो मिनट मौन रखते हुये।



श्री एस.एन. श्रीवास्तव, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक, जे एण्ड के जोन, दिनांक 21/10/2016 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुये।

# पुरस्कार एवं सम्मान

## 5वीं अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2016 तक रांची (झारखण्ड) में 5वीं अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता–2016 आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सैन्ट्रल तीरंदाजी टीम ने भाग लिया और 06 स्वर्ण, 10 रजत एवं 07 कांस्य पदकों सहित कुल 23 पदक जीते। पुरूष टीम प्रतियोगिता में विजयी रही। सैन्ट्रल तीरंदाजी टीम के सिपाही/जीडी बसंत कुमार को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज घोषित किया गया।



सैन्ट्रल तीरंदाजी टीम के तीरंदाज पदको सहित ।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह



**आर.टी.सी. लातूर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर के.रि.पु.बल के अधिकारी एवं जवान शपथ ग्रहण करते हुए**




आर.टी.सी. पैरीगोम के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया



सी.टी.सी.मुदखेड़ में राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और सभी अधिकारियों एवं जवानों ने शपथ ग्रहण की

## 56वीं राष्ट्रीय ओपन ऐथलेटिक प्रतियोगिता

56वीं राष्ट्रीय ओपन ऐथलेटिक प्रतियोगिता–2016, एस.ए.आई. सैन्टर, सरोजनी नगर, लखनऊ(उ.प्र.) में दिनांक 27/09/2016 से 30/09/2016 तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सैन्ट्रल ऐथलेटिक टीम (पुरूष एवं महिला) ने अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूद नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया। सैन्ट्रल ऐथलेटिक टीम (पूरूष एवं महिला) के खिलाड़ियों ने निम्नानुसार पदक जीते:

| खिलाड़ी का नाम | खेल | पदक |
|---|---|---|
| सि./जीडी जय भगवान | 20000 मी. चाल | कांस्य |
| हव./महिला संतोष कुमारी | 400 मी बाधा दौड़ | स्वर्ण |
| सि./जीडी अयाना थोमस | 400 मी बाधा दौड़ | कांस्य |

## सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 47वें बैच के लिए सी.आई.ए.टी. कोर्स

नए मूल प्रशिक्षण उत्तीर्ण सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों का सी.आई.ए.टी. कोर्स का 47वां बैच 24 अक्टूबर 2016 को आरंभ हुआ। इस कोर्स की औपचारिक शुरूआत की घोषणा सी.आई.ए.टी. स्कूल के प्रधान श्री राकेश सिंह चौहान, उप महानिरीक्षक ने की।



47वें बैच के सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी ए.जी.एस. 30 और यू.बी.जी.एल. से फायर करते हुये

## आर.टी.सी.श्रीनगर



संविधान दिवस पर आर.टी.सी.श्रीनगर के अधिकारी एवं जवान शपथ लेते हुए।

# संस्थान– केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय कोयम्बटूर



श्री सुनीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक
संस्थान के प्राधानाचार्य

केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय–दो, के.रि.पु.बल, भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 20/06/69.दो दिनांक 20/02/1969 के प्राधिकार के अधीन 01 सितम्बर 1969 को आवडी (तमिलनाडु) में स्थापित किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र के प्रथम प्राचार्य, कर्नल बी.के.सबनीस थे, जो दिनांक 01/09/1969 से 31/01/1974 तक की अवधि में इस प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य रहे। 1975 से 1997 तक की अवधि के दौरान यह संस्थान कई जगहों पर परिवर्तित होता रहा जैसे नीमच (म.प्र.), देवली (राज.) पुनः आवड़ी और अंततः दिनांक 01 मई 1997 को स्थाई रूप से कोयम्बटूर में स्थापित हुआ। यह संस्थान नीलगिरी की पहाड़ियों में चारो ओर फैला हुआ है एवं मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करता है। नए स्थान पर स्थापित होने के बाद थोड़े ही समय में यह संस्थान विकसित होकर, बल का मुख्य प्रशिक्षण संस्थान बन चुका है और प्रतिवर्ष श्रेष्ठ प्रशिक्षण उपलब्धियां अर्जित कर रहा है।



बैटल ऑब्सटिकल प्रशिक्षण



फायरिंग रेंज



हथियार प्रशिक्षण

प्रशिक्षण का उद्देश्य, इनडोर और आउटडोर विषयों में सुनियोजित पाठ्यक्रम के माध्यम से नेतृत्व गुण, प्रबंधकीय कौशल, पारिचालनिक योजनाएं, रण एवं कार्यक्षेत्र कौशल, जंगल प्रशिक्षण एवं नियंत्रण का विकास करना है। आउटडोर प्रशिक्षण के कियाकलापों में जीवित रहने की युक्तियां, आवश्यक शारीरिक सहनशीलता को आसान करना, पेशेवर कौशल, अनुशासन और प्रशिक्षार्थियों में टीम भावना सहित लड़ाई संबंधी प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। जबकि इनडोर प्रशिक्षण में संपूर्ण मानसिक संभावना विकसित की जाती है, जो न केवल प्रशिक्षार्थियों को सक्षम बनाती है बल्कि अपेक्षित नेतृत्व गुणों के साथ विश्वसनीय कमांडर भी बनाती है, जैसे कि मूल्य तंत्र, वर्दी में गर्व महसूस करना और विश्वासपूर्ण आचरण एवं अपने सैन्य दल की कमांड एवं नेतृत्व, दक्षता के साथ करना। यह संस्थान वर्ष 2015 में के.रि.पु.बल के प्रशिक्षण संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान घोषित किया गया।



ब्रिफिंग हाल



सी.एस.एस.आर. प्रशिक्षण



एन.बी.सी. पशिक्षण

**सी.टी.सी. कोयम्बटूर में संचालित होने वाले कोर्स**

| मूल प्रशिक्षण | पदोन्नति कोर्स | अन्य कोर्स |
|---|---|---|
| डी.ए.एस.ओ. मूल प्रशिक्षण | सहायक कमांडेंट पदोन्नति कोर्स | अधिकारियों के लिए डी.एम./सी.बी.आर.एन. कोर्स |
| डी.ई.एस.ओ. मूल प्रशिक्षण | निरीक्षक पदोन्नति कोर्स | जूनियर लीडरशीप कोर्स |
| | उप निरीक्षक पदोन्नति कोर्स | स्पेशल वैप्पन एवं टेक्टिकस कोर्स |
| | हवलदार पदोन्नति कोर्स | मार्कसमैनशीप कोर्स |
| | | एफ.सी. एण्ड टेक्टिकस कोर्स |
| | | ओ.एन.जी.सी., एस.ओ. लेवल कोर्स |
| | | राज्य पुलिस के लिए टी.ओ.टी. कोर्स इन डिजास्टर रेस्पोन्स |